# AMAR UJALA

Page No. 05 Date. 11th Jul 2019


## आईटीएस डेंटल कॉलेज में डेंटब्यूटी पर हुई कार्यशाला

गाजियाबाद। आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर में कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा 9 और 10 जुलाई, 2019 को डेंटब्यूटी पर सीडीई और कार्यशाला



का आयोजन किया गया। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्डा की पहल पर आयोजित कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री की जानकारी दी गई। कार्यशाला में विभिन्न प्रदेशों से आए 200 दंत चिकित्सकों, प्राध्यापकों और इंटर्न शामिल हुए। कार्यशाला में मुख्य प्रवक्ता डॉ. बी मोहन रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्डा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में आईटीएस ग्रुप के सेक्रेटरी भूषण अरोरा भी उपस्थित रहे।

Dainik Jagran

Page No : II

Date: 11 Jul 2019

# दो दिवसीय कार्यशाला का समापन



कार्यक्रम में अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते संस्थान के पदाधिकारी • सौजन्यः आइटीएस

जासं,मुरादनगर : आइटीएस डेंटल कॉलेज में कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा आयोजित कराई गई दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आइटीएस के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा व अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया।कार्यशाला में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना, गुजरात, हिमाचल, उत्तर प्रदेश के 200 से अधिक दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। इस दौरान कॉलेजों के एचओडी अध्यापक, स्नाकोत्तर व बीडीएस के छात्र छात्राएं भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ता व विशेषज्ञों ने दंत चिकित्सा और इस क्षेत्र में आए बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्य प्रवक्ता डा. बी. मोहन ने दंत चिकित्सा क्षेत्र की चुनौतियों और आधुनिक तकनीक की प्रतिभागियों को जानकारी दी। चेयरमैन ने आइटीएस संस्थान की उपलब्धियां गिनाते हुए विस्तार से अपने विचार बताए।

# Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 05 (Gzb.) Date. 11th Jul 2019

## प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया

■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड : आईटीएस डेंटल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला बुधवार को समाप्त हुई। इसके प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आईटीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि आज पूरे विश्व में हर क्षेत्र में बदलाव हो रहा है। युवा पीढ़ी को इन बदलाव को लेकर सचेत रहना होगा, तभी वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ समाज व देश के विकास में अहम योगदान दे सकेंगे। इस दौरान डॉ. बी. मोहन, भूषण अरोड़ा, डॉ. विनोद सचदेव और डॉ. देवी चरण शेट्टी समेत कई लोग मौजूद रहे।